आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 11.05.2024

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- बदरीनाथ धाम के कपाट कल सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा जारी, पहले दिन 43 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।
- सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने ''**मेरी लाइफ कार्यक्रम**'' के तहत अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में स्वच्छता अभियान चलाया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक में भारत को आगे बढ़ाने में देश के युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए राज्य के अनेक हिस्सों में आंधी व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**बदरीनाथ कपाट**

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट कल सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इस बीच, भगवान बद्री विशाल की उत्सव डोली, आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा, रावल जी सहित देवताओं के खजांची कुबेर जी और भगवान के सखा उद्धव जी की डोलियां आज योग ध्यान बद्री मंदिर पांडुकेश्वर से बदरीनाथ धाम में पहुँच गयी हैं। कपाट खुलने से पहले हजारों की संख्या में तीर्थयात्रियों का बदरीनाथ धाम पहुंचने का सिलसिला जारी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शासन–प्रशासन और मंदिर समिति ने विशेष प्रबंध किए हैं। यात्रा मार्ग पर पानी, बिजली, शौचालय और भण्डारे जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। साथ ही श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस, एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। यात्रा के पहले दिन 43 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किए। सबसे अधिक 29 हजार तीस तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की, जबकि 12 हजार एक सौ 93 श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अनुसार अबतक 23 लाख 57 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया है। जिसमें केदारनाथ के लिए सर्वाधिक आठ लाख सात हजार 90, बदरीनाथ धाम के लिए सात लाख 10 हजार 192, यमुनोत्री के लिए तीन लाख 68 हजार 302 और गंगोत्री के लिए चार लाख 21 हजार 205 पंजीकरण शामिल हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब के लिए भी इस बार अबतक 50 हजार 604 पंजीकरण हो चुके हैं। पंजीकरण का सिलसिला अब भी जारी है। गौरतलब है कि यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। श्रद्धालु उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट– रजिस्ट्रेशन एंड टूरिस्टर केयर डॉट यूके डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही व्हाट्सएप नंबर 91–83 94 83 38 33 और टोल फ्री नंबर 01 35 13 64 से भी पंजीकरण किया जा सकता है।

## ऑफलाइन पंजीकरण

चारधाम यात्रा के प्रवेश द्वार ऋषिकेश और हरिद्वार में यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण के काउंटर बढ़ाए गए हैं। इस बीच, देहरादून की जिलाधिकारी सोनिका ने आज ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सुव्यवस्थित यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## मेरी लाइफ कार्यक्रम

देश भर में "**मेरी लाइफ कार्यक्रम**" के तहत 5 मई से 5 जून तक एक माह का वृहद वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल– एस.एस.बी के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने आज रानीखेत में अभियान का शुभारंभ किया। आकाशवाणी से बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि अभियान के तहत एस.एस.बी के अधिकारियों, जवानों और छावनी परिषद के कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों ने रानीखेत बाजार में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली। साथ ही स्थानीय पार्कों, आस–पास के पीने के पानी के नौलों में सफाई की। उन्होंने कहा कि एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, स्वस्थ्य जीवन शैली, जल श्रोतों के पुनर्जीवन, वृक्षारोपण, ऊर्जा संरक्षण, कचरा प्रबंधन, पर आधारित कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अलावा गरीब बच्चों को पठन सामग्री भी दी जायेगी।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– ए.आई तकनीक में भारत को आगे बढ़ाने में देश के युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। वे आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आई.आई.टी में आयोजित **'स्कूल टू स्टार्टअप–इग्नाइटिंग यंग माइंडस'** कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि वे संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडस्ट्री एक्सेलेरेटर की स्थापना की दिशा में हो रहे कार्य की प्रगति से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान पर आधारित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज हम एक नए युग की दलहीज पर खड़े हैं, जहां नवाचार और उद्यमिता केवल मूलमंत्र नहीं हैं, बल्कि हमारे सामूहिक भविष्य को आकार देने के रास्ते भी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल से स्टार्टअप तक की अनिवार्य यात्रा एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम युवा मस्तिष्क को समर्पण के साथ इनोवेशन और नई चीजों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

**लोकसभा चुनाव**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो गया है। चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में आंध्रप्रदेश की 25, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्यप्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिसा की चार, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट शामिल है।

**काफल**

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में पाया जाने वाला जंगली फल काफल इन दिनों ग्रामीणों के लिए आय का जरिया बन हुआ है। चंपावत, बागेश्वर, चमोली और देहरादून जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं, पुरुष और बच्चे जंगलों से ताजे फल लाकर बेच रहे हैं और इससे अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। चंपावत जिले के मुडयानी में सड़क किनारे काफल बेचने आए ग्रामीणों का कहना है कि वे प्रतिदिन 15 सौ से 2 हजार रुपये तक की आमदनी कर रहे हैं। उनका कहना है कि काफल 80 से 150 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। लोहाघाट स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज

कुमार का कहना है कि काफल एक औषधीय फल है और इसका वैज्ञानिक नाम मएरिका एस्कुलेंटा है। उन्होंने बताया कि इस फल में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है।

**यातायात प्लान**

देश के मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में शनिवार और रविवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार और रविवार को पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। शनिवार और रविवार को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक नैनीताल में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यात्रा मार्ग पर वाहनों का अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में बरेली रोड, रामपुर रोड और कालाढूंगी से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को गौलापार स्टेडियम में पार्क किया जायेगा, जहां से वे शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल में प्रवेश करेंगे।

## तूफान

पृथ्वी पर कल रात आए एक असाधारण और शक्तिशाली सौर तूफान से संचार नेटवर्क और बिजली ग्रिड के लिए खतरा पैदा हो गया है। यह तूफान कल तक जारी रहेगा। सौर तूफान के कारण आस्ट्रेलिया से ब्रिटेन तक आकाशीय बिजली दिखाई दी। इसे अक्टूबर 2003 के हैलोवीन तूफान के बाद से अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। इससे कई जगहों पर संचार नेटवर्क, उपग्रह और बिजली घरों का कामकाज प्रभावित हुआ। अमरीकी मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले समय में ऐसी और स्थितियां पैदा हो सकती हैं।

## मौसम

**और अब एक नजर मौसम पर....** राजधानी देहरादून, हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में आज मौसम साफ रहा, जबकि राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं हल्की बूंदा–बांदी की खबर है। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा तेज हवाएं चलने का भी अनुमान व्यक्त किया है। उधर, रुद्रप्रयाग के सिरोबगड़ में भूस्खलन के चलते मार्ग लगातार अवरूद्ध हो रहा है। हालांकि जिला प्रशासन ने मार्ग को सुचारू कर चारधाम यात्रियों को उनके गंतव्यों के लिए रवाना कर दिया है। विभाग ने सभी तीर्थयात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की अपील की है।